## संक्षिप्त

### मेघवाल समाज के चुनाव संपन्न

**डीडवाना** । मेघवाल समाज विकास संस्थान डीडवाना के अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अध्यक्ष सहित समाज की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए आज मेघवाल समाज भवन में चार पदों के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी मेघवाल समाज विकास संस्थान डीडवाना रूपाराम पिंडार की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। मेघवाल समाज सभा भवन में बनाए गए बूथ पर सुबह दस बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई जो एक बजे तक संपन्न हुई। मतदान कर्मियों द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। एक बजे मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना शुरू की गई। मतगणना में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार एस आर लूनिया के पक्ष में 86 लोगों ने अपना मतदान किया वहीं अध्यक्ष पद के दूसरे दावेदार गोमाराम पंवार सिंघाना के पक्ष में मात्र 7 लोगों ने ही मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन कर्मियों द्वारा एस आर लूनिया को मेघवाल समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष पद पर विजय घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर डालूराम जोरम चांदबासनी, सचिव पद पर सूरजमल दहिया बालिया और कोषाध्यक्ष पद पर जयनारायण पंवार को निर्विरोध चुना गया है। चुनाव नतीजे घोषणा के बाद सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली। साथ ही निर्वाचन के बाद कार्यकारिणी द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद समाज के लोगों द्वारा शहर में एक विजय जुलूस भी निकाला गया।

### 'जो मिला उसमें सन्तुष्ठ रहना चाहिए'

**भीलवाडा** । जीवन में जो मिला है, उसे पर्याप्त मानकर संतोष करने वाला व्यक्ति ही सुखी रहता है। लाभ की आशा करना बुरा नहीं है लेकिन लोभ करना बुरा है। जिन्दगी भर दौलत के पीछे दौड़ता है आदमी, दौड़ते-दौड़ते दम तोड़ देता है। प्रति समय आयु समाप्त हो रही है, लेकिन जिन्दगी की आंकाक्षाएं समाप्त नहीं होती। अत: परिठाह का परिमाण या सीमा रखनी चाहिए। यह बात पण्डित राहुल जैन शास्त्री सागर वालों ने आज दस लक्षण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म पर प्रवचन के दौरान कहीं। उन्होंने कहाकि धन प्रा प्ति के बाद दान देना आवश्यक है। सा गर अपना पानी नही छोड़ता तो खारा है, कुआ अपना पानी देता रहता है तो मीठा है। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोधा ने बताया कि रविवार को श्रावको एवं बच्चों की बड़ी भीड़ अभिषेक के लिए उमड़ पड़ी।भागचंद अभिषेक छाबड़ा ने स्वर्ण मुकुट धारण कर आदिनाथ भगवान का प्रथम अभिषेक,108 रिद्धि मंत्र व स्वर्ण व स्वर्ण झारी से शांतिधारा की ।भागचंद मुकेश कासलीवाल ने शांतिनाथ भगवान के प्रथम अभिषेक शांतिधारा की। राजकुमार अजित अठावाल, संजय अमन झांझरी, सनत निसर्ग अजमेरा, ओमचंद रिखबचंद परिवार, धनराज अजय टोंगिया, मांगीलाल राजेश बड़जात्या, विशाल जैन, नेमीचंद संतोष जैन, वेदप्रकाश पंकज बड़जात्या अन्य शांतिधारा की। सांय भक्ताम्बर आरती हुई।

### जोजर गांव में सफाई व्यवस्था ठप

**भीलवाड़ा**। शक्करगढ़ के जोजर गांव इन दिनों गंदगी और कीचड़ का अड्डा बना हुआ है। गलियां दलदल में तब्दील हो चुकी हैं और बदबू से ग्रामीणों का जीना मुहाल है। पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के गांव-गांव सफाई के दावे यहां पूरी तरह फेल हो गए हैं। गांव के ग्रामीण प्रधान सिंह राजपूत ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और पंचायत की लापरवाही से गांव की हालत बद से बदतर हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 12 महीने से ठेकेदार ने एक बार भी सफाई नहीं करवाई। सबसे चिंताजनक हालात राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के सामने हैं। यहां गंदगी और कीचड़ के ढेर लगे हैं, ग्रामीणों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि तुरंत सफाई, कीचड़ निस्तारण और नालियों की मरम्मत नहीं करवाई गई तो वे सड़क पर उतरकर पंचायत, ठेकेदार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे।

### विशेष यातायात व्यवस्था

**ब्यावर** (निसं) तेजा मेले को लेकर शहर में 1 से 3 सितम्बर तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू। आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर कई स्थानों से चौपहिया वाहनों का प्रवेश रहेगा निषेध। विजयनगर पुलिया, सेदरिया चौराया, बलाद तिराया सहित 8 स्थानों से वाहनों की एंट्री बंद, दोपहिया वाहनों के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व दादाबाड़ी जैन स्थल पर नि:शुल्क पार्किंग पृथ्वीराज स्टेडियम में मिलेगी ।

# दादाबाडी जीर्णोद्धार के तहत विशाल रजत कलश यात्रा निकाला

**अजमेर** (कासं)। विश्व के प्रथम दादागुरूदेव श्री जिनदत्तसूरि महाराज की समाधि स्थल 871 वर्ष पुरानी दादाबाड़ी जीर्णोद्धार के तहत रविवार को विशाल रजत कलश यात्रा वरघोडे सहित पुष्कर रोड के विभिन्न मार्गो से होते हुए मंणिपुज सेवा संस्थान पर संपन्न हुई।

कलश यात्रा के संयोजक दिनेश मेहता, रिखब सुराणा, दिलीप पारख व दिलीप मेहता ने बताया कि रजत कलश यात्रा पुष्कर रोड स्थित महावीर कॉलोनी से प्रारंभ होकर अरिहंत कॉलोनी, रामनगर, पंचोली चौराहा, सिनेवर्ल्ड चौराहा होती हुई बी के कॉल नगर स्थित मणिपुंज सेवा संस्थान में धर्म सभा में परिवर्तित हुई। विशाल कलश यात्रा में सभी महिलाएं व पुरुष नाचते हुए तथा जैन धर्म के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस विशाल रजत कलश यात्रा का संतोष चंद्र सुराणा परिवार, नरेंद्र कोठारी परिवार, श्री जैन बंधु क्लासिक, श्री जैन बंधु सोशल रॉयल ग्रुप, जैन सोशल ग्रुप सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा पूरे मार्ग में पुष्प वर्षा कर प्रभावना बाटकर स्वागत किया गया। चार पीढ़ी ने भी रजत कलश यात्रा का स्वागत किया- खतरगच्छ संघ के 95 वर्षीय वयोवृद्ध संतोष चंद सुराणा ने अपनी चार पीढ़ियों के साथ रजत कलश यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निवास स्थान पर पहुंची कलश यात्रा का उनकी चार पीढ़ियो ने पुष्प वर्षा व प्रभावना देकर स्वागत किया। वहा उपस्थित जन समूह ने दादा गुरुदेव के नारे लगाकर माहौल को बहुत ही सुंदर मय बना दिया।



श्री जिनदत्तसूरि महाराज की समाधि स्थल के जीर्णोद्धार के तहत विशाल रजत कलश यात्रा वरघोडे सहित पुष्कर रोड के विभिन्न मार्गो से निकाली।

■ 95 वर्षीय वयोवृद्ध संतोष चंद सुराणा ने अपनी चार पीढ़ियों के साथ उनके निवास स्थान पर चार पीढ़ियो ने पुष्प वर्षा व प्रभावना देकर स्वागत किया। वहा उपस्थित जन समूह ने जयकारे भी लगाए।

इसी प्रकार रामनगर चौराहे पर जैन सोशल ग्रुप के मुकेश कर्णावट के नेतृत्व में विशाल कलश यात्रा में उपस्थित जनसमूह का मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया।

रजत कलश यात्रा के संयोजक रिखब सुराणा ने बताया कि 4 सितंबर को दादाबाड़ी शिलान्यास में रखे जाने वाले 511 शिलालेख एक ट्रेलर में जुलूस के साथ चल रहे थे। यह शिलालेख नींव में रजत कलश के साथ रखे जाएंगे। कलश यात्रा के स्वागत व धर्म सभा में अजमेर जैन श्री संघ श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, श्री जैन श्वेतांबर संस्था वैशाली नगर, श्री जैन श्वेतांबर संस्था तेरापंथ सभा, जैन श्रावक संघ श्री प्रज्ञा जैन संस्था, अरिहंत मंडल, जैन सोशल ग्रुप सहित अन्य जैन संस्थाओं के श्रावक व श्राविकाएं उपस्थित थे। मणिपुंज सेवा संस्थान में उपस्थित श्राविक-श्राविकाओं को सम्यकरत्नगिरी जी म सा व डा राजमति जी म सा ने सामूहिक क्षमा याचना पर्व के महत्व के बारे में बताया। रजत कलश के सफल आयोजन में जैन श्वेताम्बर संस्था के शिखर चंद सिंघी, प्रकाश चंद चौपडा, राजेन्द्र गेलडा, कैलाश चंद गेलडा सहित समाज के सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 12.62 करोड़ रुपये के विकास कार्य मंजूरी

**अजमेर** । अजमेर विकास प्राधिकरण ने शहर में जल भराव की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए 12.62 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी है।यह निर्णय विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अनुशंसा और निर्देश के बाद लिया गया है। अजमेर विकास प्राधिकरण ने जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए 12.62 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है जिससे जल भराव की समस्या का स्थायी समाधान करना और पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित करना है। अजमेर विकास प्राधिकरण जल्द ही इन विकास कार्यों को शुरू करेगा और शहर के निवासियों को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करेगा। प्राधिकरण आयुक्त नित्या के ने बताया कि अजमेर शहर में वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण ने 12.62 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत आतेड़ माता मंदिर से पुराने मित्तल अस्पताल के नाले की मरम्मत, वार्ड संख्या 74 में श्मशान स्थल के पास नाला निर्माण हेतु 298.25 लाख, बद्री विशाल मंदिर से लेकर मुन्नी महाराज कॉलोनी से शास्त्री कॉलोनी में पुराने नाले की मरम्मत हेतु राशि136.50 लाख, तथा सिटी हॉस्पिटल से आनासागर लिंक रोड, वार्ड संख्या 67 के पुराने नाले की मरम्मत कार्य हेतु राशि 72.84 लाख मंजूर ।

## सार-समाचार

### न्यायिक अधिकारियों का सेमिनार आयोजित

**भीलवाड़ा।** जिला मुख्यालय पर राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी जोधपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की प्रथम सेमिनार का आयोजन हुआ जिसमें भीलवाड़ा व बुन्दी न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। वर्कशॉप का आयोजन भीलवाड़ा नगर निगम सभागार में किया गया। वर्कशॉप की अध्यक्षता न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड, न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा की गई । सेमिनार में अभय जैन, जिला एवं सेशन न्यायाधीश भीलवाड़ा, अजय शुक्ला जिला एवं सेशन न्यायाधीश बूंदी सहित भीलवाड़ा व बूंदी के सभी न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। सेमिनार में राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी के निर्देशानुसार पराक्रमय लिखत अधिनियम,1881के तहत त्वरित निस्तारण, अभियुक्तगण की गिरप्तारी, रिमांड, बैल के विषय के साथ साथ कोर्ट फीस एक्ट, दस्तावेजो के प्रस्तुतकरन, पर्दशन तथा विषेधग्या के विषय पर चर्चा की गई । उक्त बिंदुओं पर न्यायिक अधिकारियों द्वारा अपने विचार रखे गये , माननीय न्यायाधिपति द्वारा भी उक्त बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया । माननीय न्यायाधिपति ने उक्त विषयो पर विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों का मार्गदर्शन प्रदान किया। अभय जैन, जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने मिडयेशन फॉर नेशन अभियान एवं इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 को सफल बनाने हेतुचर्चा की एव आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्रवाई के अंत में नरेंद्र सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

### महिला कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न

**भीलवाड़ा।** स्थानीय बारानी कृषि अनुसंधान केन्द्र पर आत्मा योजना अंतर्गत दो दिवसीय संस्थागत अनुसूचित जाति महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं को प्राकृतिक व जैविक खेती पर प्रशिक्षण दिया गया। उप परियोजना निदेशक आत्मा मीना कुमारी ने बताया कि आत्मा योजना के तहत, संस्थागत स्तर पर किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं, प्रशिक्षणों का उद्देश्य नवीनतम कृषि तकनीकी की जानकारी देकर कृषकों की आय बढ़ाना है। आत्मा योजना का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि उत्पादकता बढ़ाना है, जिसमें नवीनतम तकनीकों और फसल प्रबंधन का ज्ञान दिया गया है,संस्थागत स्तर पर, किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आत्मा योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे किसान मेला, कृषक गोष्ठी और कृषक-वैज्ञानिक मिलन का आयोजन भी किया जाता है, ताकि किसानों की दक्षता बढ़ाई जा सके। उप निदेशक कृषि व परियोजना निदेशक आत्मा किशन गोपाल जाट ने बताया कि आत्मा योजना किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करती है, जिसके तहत दो दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण दिए जाते हैं। प्रशिक्षण शिविर में डा. के.एल. छाता वरिष्ठ एवं मुख्य वैज्ञानिक, डा. के.सी. नागर, प्रशिक्षण प्रभारी डालू लाल माली, व्याख्यता मीरा सुथार, कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर, सेवा निवृत वैज्ञानिक डा. बालियान ने प्राकृतिक व जैविक खेती पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण के उपरान्त ज्ञानार्जन टेस्ट लिया गया जिसमें प्रथम स्थान पर शानू देवी,द्वितीय स्थान पर सीता देवी व तृतीय स्थान पर चन्द्रा देवी ने प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

### अस्पताल में युवक की हरकत

**अजमेर** (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक नग्न अवस्था में आकर एक महिला मरीज के पास पलंग पर लेट गया। अस्पताल कर्मियों व मरीज महिला के परिजन के हाहाकार पर मौके पर पहुंची, पुलिस ने युवक को दबोच लिया तथा उसे कपड़े पहनाकर गिरफ्तार करके अनुसंधान शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार युवक का नाम चिराग मेहता है बताया जा रहा है, जो मूल रूप से अपने आप को कोटा का निवासी बता रहा है। इस संबंध में जब टेलीफोन पर चिराग के परिवार से संपर्क किया गया तो जानकारी में आया कि यह 12वीं पास है तथा विगत कुछ वर्षों से यह अवसाद की स्थिति में है और गत एक वर्ष पूर्व इसकी हरकतों के कारण इसकी पत्नी इसको छोड़कर चली गई थी, तब से इसका कोई ठिकाना नहीं है, यह कब कहां निकल जाता है यह किसी को पता नही रहता। कोटा का युवक अजमेर के अस्पताल में कैसे आया व यह हरकत महिला मरीज के साथ क्यों की? महिला अजमेर की ही रहने वाली है, युवक के बारे में पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला जलाया

**करौली,** (निसं)। भाजपा पार्टी की विधानसभा करौली की बैठक का आयोजन भंवर विलास मैरिज गार्डन में किया बैठक में सर्वप्रथम भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने की जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को प्रत्येक मंडल स्तर पर प्रत्येक, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में सुनने व देखने का आग्रह किया इसके पश्चात जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जलाया और कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाये।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र बंसल, अजय पाल, जिला मंत्री आरती बैंसला,जिला संयोजक विद्या वैष्णव, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, पूर्व जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, सोशल मिडिया जिला संयोजक मुकेश सोनी, जिला कार्यालय मंत्री गोपाल शर्मा,अमर सिंह,शहर करौली मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष सुमित भट्ट,पंकज अग्रवाल,विकी गुरु, धन सिंह, मंडल मंत्री कपिल पाराशर ,अमिता चतुर्वेदी, मान प्रकाश शुक्ला ,उत्तम सिंह जादौन,शायपुर मंडल अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, अशोक चतुर्वेदी, मंडरायल मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह ,उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मनोज सिंह ,सतीराम, जगदीश सिंह, विजय बंसल, नीरू सिंह, काशीराम, जगदीश मीणा, मासलपुर मंडल अध्यक्ष बालकिशन पंनवारिया ,दीनदयाल शर्मा, शैलेंद्र मीणा, खेडा मंडल उपाध्यक्ष रामदयाल सिंह, रामदयाल सेन,पिंटू कुमार शर्मा, करौली देहात मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह, मुकेश जंगम, दयाराम गुर्जर,शंकर सोनी, आदित्य शर्मा, शुभम शर्मा,देवेश मुद्गल, रवि शुक्ला, नितेश शर्मा, उमेश मुद्गल, रौनक, माधव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदान निरस्त होने पर अध्यक्ष घोषित किया

**करौली**, (निसं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद का मतदान निरस्त करने के उपरांत भी खुद को ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष घोषित किया। ज्ञात रहे 31 अगस्त रविवार को ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद का मतदान होना था लेकिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ एडवोकेट रमेश चंद शर्मा ने मतदान से एक दिन पूर्व ही यानी 30 अगस्त शनिवार को मतदाता सूची एवं निर्वाचन संबंधी अन्य खामियों को लेकर मतदान निरस्त करते हुए ब्राह्मण सभा भवन के मुख्य गेट पर मतदान निरस्त करने के आदेशों को चश्पा कर दिया गया और समाचार पत्रों इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से ब्राह्मण समाज को सूचित कर दिया गया। उसके बाद भी प्रकाश चंद्र शर्मा ने अपने आपको ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष घोषित कर लिया जिसको लेकर कार्यकारी अध्यक्ष पचैरी ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया कि शर्मा ने 10-12 समर्थकों के साथ ब्राह्मण सभा भवन के गेट पर पहुंच मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिकारी के आदेशों का उल्लंघन करते हुए।

## मन की बात से भारत ले रहा है प्रेरणा

**ब्यावर** (निसं) भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मण्डल के सभी 50 बूथो पर मण्डल पदाधिकारीयो के नेतृत्व मे बूथ अध्यक्षो के साथ मन की बात को सुना। बूथ संख्या 61 पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक देवीशंकर भूतडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125वें एपिसोड की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की ओर से रेडियो पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम से भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भी प्रेरणा ले रही है।

देवीशंकर भूतडा ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज के लिए नवीन और प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करता है।

पी एम ने विशेष रूप से श्रीनगर की डल झील में आयोजित खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल के उल्लेख की प्रशंसा की। इस आयोजन का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना था, जिसमें महिला एथलीटों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने डल झील में आयोजित खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल के साथ-साथ ओडिशा की एक बेटी की प्रेरक कहानी का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी खेल-खिलाड़ियों से लेकर देश की समृद्ध विरासत को सहजता से उजागर करते हैं और देश की छिपी हुई प्रतिभाओं व उपलब्धियों को सामने लाते हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रवि चौहान, मंडल पालक नरेश मित्तल, महामंत्री सन्तोष जाठात, सत्येंद्र यादव, उपाध्यक्ष बुद्धराज शर्मा, महेंद्र गौड, दिपक चौहान, जगन्नाथ यादव, संजय भाटी, रणवीर सिंह चौहान, ममता वैष्णव, शिखा गुप्ता, तारा सोनी, तिलोक तालेपा, बृजकिशोर शर्मा, विपिन गुजराती, राकेश नरुका, प्रिती शर्मा आदि ने कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात को सुना।

## यूनेस्को करेगा श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान

**भीलवाड़ा** । जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 4 सितम्बर गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे रा.उ.मा.वि. सुभाष नगर स्कूल में किया जायेगा।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका ने बताया कि शिक्षक दिवस पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को सफलतापूर्वक आयोजन करने व श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन करने के लिए जिला यूनेस्को द्वारा यूनेस्को के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अठावाल की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। चयन कमेटी में जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढ व बीजेएस के अध्यक्ष व यूनेस्को के वरिष्ठ सदस्य अनिल कोठारी को शामिल किया। जिले के श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन कर 4 सितम्बर को आयोजित समारोह में मोमेंटों, प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढाकर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

# तेली समाज ने किया सेवा और प्रतिभा का सम्मान

■ समाज के 151 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल क्षैत्र स्थित झरना महादेव मे चार चौखला तेली समाज समिति झरना महादेव के तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने समाज में सेवा, एकजुटता और प्रतिभा प्रोत्साहन की एक नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

रक्तदान से जगाई सेवा की भावना : सुबह से ही रक्तदान शिविर में समाज के युवा और बुजुर्गों में गजब का उत्साह देखने को मिला। दानदाताओं की कतारें इस बात का प्रमाण थीं कि समाज में सेवा भावना कितनी गहरी है। राजू तेली ज्ञानगढ़ ने बताया कि इस शिविर में कुल 201 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जो किसी भी छोटे समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। रक्तदान करने आए एक युवा, सुरेश साहू ने कहा, रक्तदान महादान है। हमारा यह छोटा सा प्रयास किसी के जीवन को बचा सकता है। यह सिर्फ खून का दान नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी एहसास है। समाज की महिलाओं ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर प्रेरणा का स्त्रोत बनीं। रक्तदान शिविर के साथ-साथ समाज के 151 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। इन छात्रों को उनके शैक्षिणक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, ताकि वे भविष्य में और भी बेहतर कर सकें। सम्मान पाकर उत्साहित एक छात्रा, प्रिया मोदी ने कहा यह सम्मान हमारे लिए सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं बल्कि समाज का हम पर विश्वास है। यह हमें और मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तेली सेना के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वरलाल मोदी, आसिंद नगरपालिका चेयरमैन देवी लाल साहू और अधिशासी अधिकारी शंभूगढ़ प्रकाश साहू ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से समाज को दिशा दी। ईश्वर मोदी ने कहा ऐसे आयोजन समाज में नई चेतना लाते हैं। रक्तदान हमें सिखाता है कि हम सब एक हैं और एक-दूसरे के काम आ सकते हैं। वहीं, प्रतिभाओं का सम्मान कर हम अपने बच्चों को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाते हैं। समाज की उन्नित के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अधिशासी अधिकारी प्रकाश साहू ने भामाशाहों की सराहना करते हुए कहा जो लोग समाज के लिए निस्वार्थ भाव से धन और समय का योगदान करते हैं, वे सच्चे नायक हैं। उनके सहयोग के बिना ऐसे बड़े आयोजन संभव नहीं हैं। इन भामाशाहों ने साबित कर दिया कि समाज की तरक्की के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम लाल सोनावा भगवान पुरा और संयोजक राजू तेली ज्ञानगढ़ ने सभी अतिथियों, भामाशाहों, रक्तदानियों और समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। राजू तेली ने समापन पर कहा आज 201 यूनिट रक्तदान और 151 प्रतिभाओं का सम्मान यह साबित करता है कि हमारा समाज एकजुट है और सेवा भावना से भरा हुआ है। यह सिर्फ एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हमारे समाज की सामूहिक शक्ति का प्रमाण है।

## कारागृह की आकस्मिक तलाशी

**भीलवाडा।** पुलिस प्रशासन द्वारा शनिवार को जिला कारागृह की आकस्मिक सघन तलाशी ली गई। इस दौरान तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार साहू के नेतृत्व में सीओ सीटी श्री मनीष बडगुर्जर, थानाधिकारी पुलिस थाना सुभाषनगर शिवराज गुर्जर, एएसआई पुलिस थाना भीमगंज कालूराम, उपनिरीक्षण पुलिस थाना प्रताप नगर उगमाराम, थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली गजेन्द्र सिंह नरूका, जिला कारागृह अधीक्षक भैरू सिंह राठौड़, उप कारापाल जिला कारागृह श्रीमती स्वीटी स्टेला, हीरालाल गुर्जर की मौजूदगी व निर्देशन में पुलिस जाब्ता द्वारा जिला कारागृह की सघन तलाशी ली गई।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4 न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय संख्या 3 स्थान ब्यावर जिला ब्यावर मदन काठात

विरूद्ध

लोकेश कटारिया व अन्य

प्रार्थना पत्र ओदश 39 नियम 1 व धारा 151 जाप्ता दीवानी

प्रार्थना संख्या संख्या 105/2025 सन 20... नाम किरण चन्द पुत्र मानक चन्द जाति महाजन पता नयानगर, ब्यावर जिला ब्यावर (राज.) आधार नं. 23183400542 अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 3 माह 9 सन 2025 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या आपके प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उप संजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जाएगा7 यह आज तारीख 20.08.25 माह ... सन 200... को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई। प्रस्तुतकार

अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम सं. 3 ब्यावर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 976 क्षेत्रफल 299 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री रामेश्वर लाल गर्ग पुत्र स्व. श्री प्यारेलाल गर्ग निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 30/09/2009 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमश: (1) श्रीमती उमा गर्ग पत्नि स्व. श्री सतीशचंद गर्ग एवं पुत्रवधु स्व. श्री रामेश्वर लाल गर्ग निवासी गुड़गांव (हरियाणा) (2) श्रीमती श्रद्धा पोत्री स्व. श्री रामेश्वर लाल गर्ग एवं पत्नि अतुल गुप्ता निवासी टोंक (राज.) (3) श्रीमती नेहा पोत्री स्व. श्री रामेश्वर लाल गर्ग एवं पत्नि पवन अग्रवाल निवासी जयपुर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री अवि गर्ग पुत्र स्व. श्री सतीश चंद गर्ग पौत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल गर्ग निवासी गुड़गाव (हरियाणा) के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 16/06/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

# श्रीमद् भागवत ठांथ के श्रवण मात्र से मनुष्य का कल्याण : पुंडीरीक गोस्वामी

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। मयूरा सिटी में बीएलजी फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन नामचीन कथा वाचक वैष्णवाचार्य पुंडरीक गोस्वामी ने कहा भागवत ठांथ के श्रवण मात्र से संसार में मनुज का कल्याण हो जाता है। पुंडरीक महाराज ने भागवत ठांथ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वेद, पुराण, उपनिषद सहित सभी धर्म ठांथो में भागवत ठांथ का स्थान सबसे उच्च माना गया है। कथा का श्रवण करने से लोक-परलोक दोनों सुधरते हैं। उन्होंने एकादशी के उपवास का महात्म्य बताते हुए कहा कि शास्त्र की दृष्टि से मनुष्य को एकादशी के उपवास का अनंत पुण्य मिलता है और पद्म पुराण में भी वर्णित है की एकादशी के व्रत का पालन करने वाला ठाकुर जी को अत्यंत प्रिय होता है, लेकिन राधा अष्टमी के उपवास का फल एकादशी के उपवास से भी बड़ा माना गया है। राधा अष्टमी पर्व के मध्यनजर पुंडरीक गोस्वामी ने राधा रमण बधाई दीजो जो मांगू में आज, तुम्हरी प्रिया की जन्मगांठ है नहीं करो अब लाज भजन सुनाकर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।



किशनगढ़ में गुप्ता परिवार की ओर से भागवत कथा का आयोजन किया।

पुंडरीक गोस्वामी ने वेद पुराण में वर्णित श्लोक के माध्यम से बताया की देवताओं में श्रेष्ठ रूद्र यानी महादेव को, ऋषियों में श्रेष्ठ नारद को, मुनियों में श्रेष्ठ शुक को व मनुज में श्रेष्ठ भीष्म को माना गया है, लेकिन इन सब से सर्वश्रेष्ठ यशोदा नंदन के लाल कृष्ण कन्हैया को माना गया है। इससे पूर्व गोस्वामी महाराज के सानिध्य में गुप्ता परिवार द्वारा मयूरा सिटी स्थित निज आवास पर राधा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।कथा आयोजक राजेन्द्र गुप्ता व हर्ष गुप्ता के अनुसार सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं सहित गोपी रास व अन्य लीलाओं का वृतांत श्रद्धालुओं को कथा में सुनने को मिलेगा। कथा दोपहर 2 से सांय 6 बजे तक हो रही है। रहेगा। आयोजक यजमान गुप्ता परिवार द्वारा व्यास पीठ की आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

■ समाज के 151 मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**सम्मन बनाम प्रतिवादी वास्ते कायमी तनकीयात**

(आदेश 5 नियम 1 व 5 जाब्ता दीवो)

न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय सं. 3 ब्यावर जिला ब्यावर

वाद संख्या 113/2025 सन

मदन काठात वादी/वादी

विरूद्ध

लोकेश कटारिया व अन्य प्रतिवादी/प्रतिवादी गण

बाद बाबत आदेश 7 नियम 1 जाब्ता दीवानी नाम किरणचन्द सुपुत्र माकण चन्द, जाति महाजन निवासी-नयानगर, ब्यावर जिला-ब्यावर (राज.) आधार नं. 23183400542

ज्ञात हो कि वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इसके साथ भेजी जाती है अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप दिनांक 3/9/25 माह सन 200 व वक्त 10 बजे दिन सुबह अथवा किसी एडवोकेट के द्वारा जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल अमूरात अहम मुतलिक मुकदमा को जबाव दे सके या जिसके साथ और व्यक्ति हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करो आपको लाजमी है कि उसी रोज जुमले दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताई अपनी जवाब देही के दस्तदलाल करना चाहते हो आपकों यह सूचना दी जाती है कि उक्त निश्चित तारीख को यदि आप हाजिर न होंगे तो वाद आपकी अनुपस्थिति में जाकर निर्णय दे दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व मुहर न्यायालय के अंतर्गत आज दिनांक 20.8.2025 माह सन 20.... का जारी किया।

प्रस्तुतकार

अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम सं. 3 ब्यावर